सिटी बाइट्स

विश्व मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खेलेंगे बिमल

भागलपुर. साउथ कोरिया के गंगनुंग शहर में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय पुरुष टीम में भागलपुर के बिमल भार्गवडिया का चयन हुआ है. भार्गवडिया 75 से ऊपर आयुवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. टीएमबीयू के पूर्व खेल सचिव प्रो पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि भागलपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है. विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले बिमल भार्गवडिया भागलपुर के पहले खिलाड़ी हैं. प्रतियोगिता पांच से 12 जून तक आयोजित किया जायेगा. उन्होंने बताया कि बिमल भार्गवडिया एकल, युगल एवं मिक्सड युगल में अपनी दावेदारी पेश करेंगे. युगल स्पर्धा में महाराष्ट्र के दिलीप कुतरकर उनके साझेदार होंगे. जबकि मिक्सड युगल में फिनलैंड की जिलीमा जेनिफर उनकी पार्टनर होंगी. प्रो पोद्दार ने बताया कि भार्गवडिया भागलपुर के निवासी है. मारवाड़ी कॉलेज पढ़ाई की है. भागलपुर विवि की टेबल टेनिस टीम का कई बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं.

20 शिक्षकों का मॉडल विद्यालय में प्रतिनियोजन

भागलपुर. उच्च विद्यालय में शिक्षकों के अभाव को देखते हुए 20 शिक्षकों का प्रतिनियोजन मॉडल विद्यालय में किया गया. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आदेश जारी कर नये विद्यालय में योगदान का निर्देश दिया. भौतिकी, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, गणित, लेखाशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल एवं व्यवसाय अध्ययन जैसे अलग-अलग विषय के शिक्षकों को माडल विद्यालय में प्रतिनियोजन किया गया. प्रतिनियोजन अवधि के दौरान शिक्षक यदि नियमित रूप से योगदान नहीं देंगे तो नियम के अनुसार कार्रवाई होगी. प्रतिनियोजित शिक्षकों को मूल विद्यालय के प्रधानाध्यापक आवश्यक अभिलेख उपलब्ध करायेंगे.

सहायता को मारवाड़ी कॉलेज में लगाया हेल्प डेस्क

भागलपुर. मारवाड़ी कॉलेज में छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को नामांकन को लेकर छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाया. हेल्प डेस्क का उद्देश्य कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नामांकन प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, ऑनलाइन फॉर्म भरने, परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन व अन्य शैक्षणिक समस्या के समाधान में सहायता प्रदान करना है. संगठन के छात्र जिला अध्यक्ष सत्यम मिश्रा ने कहा कि छात्रों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा ही संगठन का उद्देश्य है. हाथकेश प्रकाश ने बताया कि हेल्प डेस्क लगातार एक महीने तक संचालित किया जायेगा. मौके पर गिरीश झा, रमन राठौड़, शुभम, प्रिंस, अभिषेक, रवि आदि मौजूद थे.

टीएमबीयू. नामांकन के लिए कुल 38844 आवेदन आये थे

कॉलेजों में नामांकन को लेकर मेधा सूची हुई जारी

वरीय संवाददाता, भागलपुर

टीएमबीयू में स्नातक सत्र 2026-30 सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर प्रथम मेधा सूची जारीजारद के बाद गुरुवार जारी किया है. साथ ही कॉलेजों के मेल में मेधा सूची भेजी गयी है. बता दें कि बुधवार को समर्थ पोर्टल के सर्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण मेधा सूची जारी नहीं हो सकी थी. प्रथम मेधा सूची से चार से दस जून तक कॉलेजों में नामांकन होना है. ऐसे में चार जून यानी गुरुवार को अधिकतर कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी. सभी कॉलेजों में मेधा सूची में चयनित छात्रों का डिटेल डाटा डाउनलोड करने में समय बीत गया.

नये 10 डिग्री कॉलेज के लिए आये आवेदन : टीएमबीयू के अंतर्गत भागलपुर व बांका दस नवस्थापित डिग्री कॉलेज के लिए भी विवि को आवेदन प्राप्त हुए है. इसमें गोपालपुर 72, गारोडीह 75, इस्माईलपुर 65, पीरपैंती 84, खरीक 73, रंगरा चौक 81, अमरपुर 73, बरहट 72, बेलहर 63 व फूल्लीडुमर स्थित नवस्थापित डिग्री कॉलेज में 57 आवेदन नामांकन के लिए प्राप्त हुए हैं.

- विवि से जारी पत्र में चार जून से प्रथम मेधा सूची से होना था नामांकन
- कॉलेजों में दस्तावेज जांचने में समय बीता, चार जून को विद्यार्थियों का नहीं हो सका नामांकन

प्रथम मेधा सूची में 23 हजार से अधिक नाम जारी

विवि से मिली जानकारी के अनुसार विवि से जारी प्रथम मेधा सूची में 23374 छात्र-छात्राएं चयनित हुए है. अंक के आधार पर उनको कॉलेज अलॉट किया गया है. इसमें विवि के 11 अंगीभूत कॉलेज, दस नवस्थापित डिग्री महाविद्यालय व 19 संबद्ध कॉलेज शामिल है. इस बार नामांकन के लिए कुल 38844 आवेदन विवि को प्राप्त हुआ है. विवि के अधिकारी ने कहा कि 117 विद्यार्थियों के आवेदन में गड़बड़ी मिलने पर रद्द किया गया है. जबकि 298 छात्रों ने डब्ल्यूबीसी महिला कोटा में आवेदन किया है. ऐसे में उन विद्यार्थियों को सामान्य कोटि में रखा गया है.

नामांकन प्रक्रिया को लेकर ट्रेनिंग दी : विवि के समर्थ पोर्टल के नोडल पदाधिकारी डॉ एन सहाय ने कहा कि कॉलेजों के नोडल पदाधिकारी को नामांकन संबंधित ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गयी. उन्होंने कहा कि कॉलेजों को ऑफाय दिया गया कि नामांकन शुल्क ऑनलाइन व ऑफलाइन भी ले सकते है. उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों को मेधा सूची भेज दी गयी है.

नौ से भरा जायेगा एमएड सेमेस्टर वन का परीक्षा फॉर्म

भागलपुर. तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय ने एमएड सत्र 2024-26 सेमेस्टर वन का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है. परीक्षा नियंत्रक प्रो विनोद कुमार ओझा ने कहा कि बिना विलंब शुल्क के नौ से 15 जून तक परीक्षा फॉर्म भरायेगा. जबकि विलंब शुल्क के साथ 16 से 21 जून तक फॉर्म जमा लिया जोयगा. परीक्षा नियंत्रक ने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित अवधि के भीतर परीक्षा फॉर्म भरने की अपील की है. इसे लेकर विवि से गुरुवार को अधिसूचना जारी की है.

नियमितीकरण को ले अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल उपसभापति से मिला

भागलपुर. टीएमबीयू में कार्यरत अतिथि शिक्षक संघ के नेतृत्व में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अतिथि शिक्षक संघों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार विधान परिषद के उपसभापति सह शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो रामचन्द्र राय व समिति के सचिवद्वय डॉ सर्जीव कुमार सिंह से मुलाकात कर अतिथि शिक्षकों के सेवा नियमितीकरण की मांग कि है. प्रतिनिधिमंडल ने बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा तथा मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा जारी निदेशों का हवाला देते हुए राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने का मामला उठाया. टीएमबीयू अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आनंद आजाद ने बताया कि वार्ता के क्रम में शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समिति की अनुशंसा के आधार पर अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी. शिक्षा समिति की बैठक बुलाकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को रिमाईंडर भी भेजा जायेगा. उन्होंने कहा कि राज्य के 211 प्रखंड स्तरीय डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षकों की जरूरत को देखते हुए भी अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण की दिशा में पहल की जायेगी. मौके पर डॉ सतीश कुमार दास, डॉ ललित किशोर, डॉ मुकेश प्रसाद निराला, डॉ आशुतोष कुमार, संत कुमार आदि मौजूद थे.

पैट परीक्षा कराने की मांग, वीसी के नाम विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

वरीय संवाददाता, भागलपुर

टीएमबीयू के छात्र-छात्राओं ने टीएमबीयू प्रशासन से पीएचडी प्रवेश परीक्षा (पैट 2024) कराने की मांग शुरू कर दी है. इस बाबत गुरुवार को छात्र-छात्रा विवि पहुंचे. प्रभारी कुलपति के नाम विवि में ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पैट परीक्षा 2024 की अधिसूचना जारी करने के बाद एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारी में अपना समय, श्रम व संसाधन लगाया है. लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है. ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन हजारों अभ्यर्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पहल करेगा. छात्र संजीव कुमार, सूरज कुमार, अनुराग कुमार, रंजन कुमार, रूपेश कुमार, अमरजीत कुमार, सन्नी कुमार, अभिनंदन कुमार, प्रिंस कुमार, राजेश कुमार, किशोर कुमार आदि विद्यार्थियों ने कहा कि इस विलंब के लिए वे किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार नहीं हैं. देरी के कारण उन्हें शैक्षणिक एवं शोध संबंधी नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों जैसे बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय व वीएन मंडल विश्वविद्यालय में पैट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है.

समर इंटर्नशिप को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

वरीय संवाददाता, भागलपुर

मारवाड़ी कॉलेज में स्नातक सत्र 2023-27 सेमेस्टर पांच के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य समर इंटर्नशिप का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है. कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो संजय कुमार झा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 100 अंक एवं चार क्रेडिट की समर इंटर्नशिप सभी छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य है. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख अनुभव प्रदान करना है. उन्होंने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से चार से 10 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं. इंटर्नशिप पूरी तरह निःशुल्क होगी. वहीं, इंटर्नशिप नोडल पदाधिकारी डॉ आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यार्थियों को संबंधित संस्थान के नियमों व अनुशासन का पालन करना होगा. इंटर्नशिप पूर्ण होने के बाद छात्रों की पूर्णता प्रमाणपत्र, उपस्थिति अभिलेख, न्यूनतम एक हजार शब्दों की इंटर्नशिप रिपोर्ट व कार्य डायरी या लॉग बुक अपने विभागीय सुपरवाइजर के पास जमा करनी होगी. इंटर्नशिप निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण कराने की अपील की है.

दी पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0
मधनबारी भवन, एसपी10वर्मा रोड, पटना-800001

आवश्यक सूचना

दी पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0 में Technology Migration/ Upgradation कार्य हेतु **दिनांक 05.06.2026 से 08.06.2026** तक बैंक द्वारा प्रदान दिये जाने वाली सभी बैंकिंग कार्ड एवं E-Court/E-Stamping कार्य (**डिजिटल माध्यम सहित**) प्रभावित रहेंगे।
हमारी शाखाएं :- दानापुर, मसौढ़ी, बांकीपुर, विक्रम, नौबतपुर, बिहटा, पटना सिटी, पुनपुन, मनेर, पालीगंज, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़, पंडारक, दुल्लिग बाजार, फुलवारी शरीफ, दीघाहाट, धनरूआ, मोलसलामी, खुशरूपुर।
प्रबंध निदेशक

प्रभारी कुलपति से एक माह के एडहॉक वेतन भुगतान की मांग की

भागलपुर. टीएमबीयू के सीनेट सदस्य रंजीत कुमार ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान को लेकर प्रभारी कुलपति को पत्र सौंपा है. उन्होंने विवि प्रशासन से अविलंब एक माह का एडहॉक वेतन भुगतान करने की मांग की है. आवेदन में कहा है कि विवि में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों को मार्च से अब तक तीन माह का वेतन नहीं मिला है. वेतन भुगतान में देरी के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने विवि प्रशासन से आग्रह किया है कि तत्काल एक माह का एडहॉक वेतन भुगतान कराया जाये. राज्य सरकार से वेतन मद की राशि प्राप्त होने के बाद इस भुगतान का समायोजन कर लिया जायें.

हॉस्टल में बाहरी लोगों के ठहराव पर लगी रोक

भागलपुर. टीएमबीयू परिसर स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति कल्याण छात्रावास संख्या तीन में बाहरी व्यक्तियों के ठहराव पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है. छात्रावास अधीक्षक डॉ दीपक कुमार दिनकर ने जारी निदेश में कहा है कि छात्रावास में रहने वाले छात्रों के अलावा किसी भी छात्र के अभिभावक, मित्र, रिश्तेदार अन्य व्यक्ति का कमरों में ठहरना नियम विरुद्ध है. इसके बाद भी कोई छात्र अपने कमरे में किसी बाहरी व्यक्ति को ठहराते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जायेगी. सभी छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अभिभावकों से छात्रावास परिसर में बने आगंतुक शेड में ही मुलाकात करे. निदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा, लाइन बाजार, सदर अस्पताल के सामने, पूर्णिया, बिहार-854301,मोबाइल: 8294635914, ईमेल आईडी- gulpur@bankofbaroda.com

वाहन ई-नीलामी सूचना

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने पहले द्वारा निष्पादित बंधक/ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को पुनः प्राप्त/जब्त कर लिया है एवं वाहन को "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। उधारकर्ता/गारंटर/वाहन/कुल बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं	उधारकर्ता / गारंटर का नाम एवं पता	कुल बकाया राशि (मासिक/क्रय पर) (ब्याज सहित दिनांक 31.05.2026 तक) वसूली की गई राशि (यदि कोई हो) घटाकर	वाहन निर्माण एवं मॉडल आरटीओ पंजीकरण संख्या	1. ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय - प्रारंभ समय 2. समाप्ति समय 3. बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य - 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	ईएमडी जमा खाता संख्या _ IFSC कोड _____ बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा___	वाहन/चल संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1	प्रवीण कुमार, पता: के हाट शिवधाम नगर, मधुबनी, पूर्णिया बिहार- 854301	₹ 11,41,966.64 + अन्य शुल्क + अतिरिक्त ब्याज दिनांक 01.06.2026 से प्रभावी	वाहन - KIA CARENS G 1.5 6 MT PREMIUM 07 श्री प्रवीण कुमार के नाम पर पंजीकरण संख्या- BR11BL1744, दिनांक- 22.07.2024, रंग- स्पेंडर, बॉडी टाइप: स्टेशन वैगन, चेसिस नंबर- MZBGBB14LRN183323, इंजन नंबर- G4FLRV799377 घन क्षमता- 1497 लीटर, पेट्रोल	i) नीलामी की तिथि: 07.07.2026 ii) समय: 11:00 बजे से 18:00 बजे तक iii) अंतिम तिथि: 07.07.2026, 18:00 बजे	आरक्षित मूल्य: ₹5,00,000/- ईएमडी: ₹50,000/- बोली वृद्धि राशि: ₹10,000/-	ईएमडी जमा खाता संख्या: 29440015182129 आईएफएससी कोड: BARB0GULPUR बैंक ऑफ बड़ौदा बौसी शाखा अररिया	भौतिक निरीक्षण (वाहन दिनांक 30.12.2025 को जब्त किया गया एवं रिकवरी एजेंट द्वारा प्रमाणित) निरीक्षण तिथि: दिनांक 04-07-2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

उपरोक्त क्रमांक के लिए Baanknet प्रॉपर्टी आईडी एवं नीलामी आईडी निम्नानुसार हैं-

क्र.सं	BAANKNET प्रॉपर्टी आईडी
1	BARB29442026005

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता श्री आशीष कुमार से फ़ोन नंबर/मोबाइल नंबर 8294635914 पर संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक - 04.06.2026
स्थान - पूर्णिया
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा - भट्ठा बाजार, खीरू चौक, भट्ठा बाजार, पूर्णिया 854301, बिहार, भारत,
फ़ोन-. 9102675896
ईमेल-bhatt@bankofbaroda.com

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

"परिशिष्ट- IV-A [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परंतुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए **'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' एवं 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	उधारकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का विस्तृत विवरण, ज्ञात भारों सहित, (मालिक/बन्धककर्ता का नाम)	कुल बकाया राशि (रुपयों में) (ब्याज सहित, दिनांक 31.05.2026 तक) वसूली (यदि कोई हो) घटाकर	ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय प्रारंभ समय __ से समाप्ति समय	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	स्थानिक की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1	चंदन कुमार पासवान (उधारकर्ता) उर्मिला देवी (गारंटर)	भूमि एवं घर का न्यायसंगत बंधक मौजा अब्दुल्ला नगर, थाना संख्या 100/1, खाता संख्या 120, खेसरा संख्या 116 एवं 117, सौऊो पूर्णिया पूर्व, सब डिविजन संख्या सदर, जमाबंदी 5998, तौजी संख्या 8/5, वार्ड संख्या 42, सेल डीड संख्या 2912, दिनांक 10.03.2000, पूर्णिया में श्रीमती उर्मिला देवी के नाम पर कुल क्षेत्रफल 3 डेसिमल 1 कट्ठा स्थित है।	रु. 17.85 लाख + अन्य शुल्क + अतिरिक्त ब्याज दिनांक 01.06.2026 से प्रभावी	ई-नीलामी की तिथि: 07-07-2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: ₹ 33,17,000/- 2.बयाना राशि (ईएमडी): ₹ 3,31,700/- 3. बोली वृद्धि राशि: ₹ 10,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 04.07.2026 समय: 10:00 से 17:00
2	चंद्र शेखर शर्मा (उधारकर्ता)	भूमि एवं भवन का न्यायसंगत बंधक श्री चंद्र शेखर शर्मा पिता दुखन शर्मा, संवर्ति स्थित मौजा - मायोपरा, थाना संख्या-108, खाता संख्या -195, खेसरा संख्या -1211, प्लान- प्रेम नगर, नेवालाल चौक, गैस गोदाम के पास, वार्ड संख्या -26, पूर्णिया -854301, बिहार में स्थित है सिलबंद सेल डीड संख्या -9788, दिनांक के अनुसार 08.08.2003 कुल क्षेत्रफल: 04 डेसिमल 01 कट्ठा।	रु. 3.21 लाख + अन्य शुल्क + अतिरिक्त ब्याज दिनांक 01.06.2026 से प्रभावी	ई-नीलामी की तिथि: 07-07-2026 ई-नीलामी का समय: दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: 35,02,000/- 2. बयाना राशि (ईएमडी): ₹3,50,200/- 3. बोली वृद्धि राशि: ₹ 10,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 04.07.2026 समय: 10:00 से 17:00

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं ऑनलाइन-नीलामी पोर्टल Baanknet.com देखें।
इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से टेलीफोन नंबर/ मोबाइल नंबर 9102675896 पर संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक - 04.06.2026
स्थान - पूर्णिया
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा